# पिता को मृत दिखाकर निकाला लोन

- जिंदा पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बैंक ने स्वीकार किया
- 20 लाख का लोन दिया, दूसरे की संपत्ति को मॉर्टगेज किया


यश गुप्ता पुत्र, आरोपी — दिनेश गुप्ता पिता, फरियादी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 28 मई, का. जिले के खिलचीपुर नगर में एक बेटे ने अपने पिता को सरकारी दस्तावेजों में मृत घोषित कर फर्जी तरीके से संपत्ति अपने मां के नाम कराई और बैंक से लोन ले लिया. आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि बैंक ने भी दस्तावेजों और परिवार का भौतिक परीक्षण किए बिना ही लोन भी दे दिया. मामले की शिकायत पुलिस को की गई है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है.**

संवेदनशील मामला होने से बैंक, सरकारी विभाग और पीड़ित के बेटे से पूछताछ की जा रही है.

बेटे द्वारा तैयार किए गए दस्तावेजों के आधार पर बैंक से 20 लाख रुपए का लोन भी ले लिया. जब किस्तें चुकाने में दिक्कत आई तो युवक ने खुद को भी कागजों में मृत दिखाने की कोशिश की. मामले का खुलासा तब हुआ, जब पिता दिनेश गुप्ता को एक परिचित से बेटे के बैंक लोन की जानकारी मिली. शक होने पर वे बैंक पहुंचे, जहां रिकॉर्ड में खुद को स्वर्गीय देखकर हैरान रह गए. बैंक में जमा दस्तावेजों में उन्हें मृत दर्शाते हुए संपत्ति का नामांतरण मां और बेटे के नाम दिखाया गया था.

**लोगों के अकाउंटस मेंटेन करते हैं दिनेश गुप्ता-** कहानी के पीड़ित दिनेश गुप्ता खिलचीपुर में प्रतिष्ठित लोगों के अकाउंट्स मेंटेन करने का काम करते हैं. उन्होंने रुंधे गले से अपनी आपबीती सुनाई. दिनेश ने कहा- 34 साल पहले बबीता से शादी हुई. दो बेटे यश और पवन हुए, बच्चों को अच्छी शिक्षा दी, लेकिन वे गलत रास्ते पर चल पड़े. घर में रोज विवाद होने लगा, यहां तक कि पत्नी भी बच्चों का ही पक्ष लेती थी. रोज के क्लेश से तंग आकर मैंने 2020 में अपना घर छोड़ दिया.

> पड़ताल में सामने आया कि आरोपी यश गुप्ता ने लोन लेने के लिए किसी और की संपत्ति को अपना बताया था. खिलचीपुर के वार्ड क्रमांक-7 में एक टेलर का मकान (भवन नंबर 15/1) और इंदौर निवासी एक व्यक्ति की दुकान (भवन नंबर 15) है. इस दुकान को यश के मामा राकेश ने सालों पहले किराए पर लिया था. यश ने नगर परिषद के फर्जी दस्तावेज, नकली सील और फर्जी साइन तैयार किए.

## हैण्डपंप सुधार के लिए कंट्रोल रूम बना

**टीकमगढ़।** ग्रीष्मकाल में टीकमगढ़ जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में हैण्डपम्प संधारण एवं अन्य पेयजल संबंधी कार्यों की शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इसी क्रम में कंट्रोल रूम में हैडपंप खराब/पेयजल समस्या की प्राप्त शिकायत का 24 घंटे में समाधान किया गया। ग्राम पंचायत माडूमर के ग्रामीणजनों द्वारा ग्राम पंचायत माडूमर के ग्राम मधुवन खाईपास रोड़ पर धर्मदास का हैंडपंप खराब होने की शिकायत की दर्ज कराई थीं शिकायत प्राप्त होने पर मैकेनिक द्वारा हैंडपम्प का सुधार कार्य कर तत्काल पेयजल समस्या समाधान किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्प संधारण एवं अन्य पेयजल संबंधी कार्यों की शिकायतों को दर्ज करने जिला स्तरीय पेयजल कन्ट्रोल रूम की स्थापना की।

# ईद-उल-अजहा पर नमाज के बाद हुई दुआ

**लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर दी मुबारकबाद**

**ग्रामीण अंचलों की मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज**



नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। ईद-उल-अजहा मतलब बकरा ईद का पर्व हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम समुदाय के द्वारा मनाया गया। इस पर्व के पहले से ही मुस्लिम समाज के लोगों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली थी। ईद-उल-अजहा के अवसर पर गुरुवार की सुबह ईदगाह में नवाज अदा की गई। इसके बाद टीकमगढ़ जिले भर की मस्जिदों में अलग-अलग समय ईद की समाज पढ़ाई गई।**

बताया जाता है कि यह पर्व त्याग और इंसानियत की एक मिशाल माना जाता है। इस पर्व पर मुस्लिम समाज के लोग सबसे पहले सुबह उठकर ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचते हैं जहां वह नमाज पढ़ने के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाईयां देते हैं।

इसके बाद मुस्लिम समाज के लोग अपने-अपने घरों पर कुर्बानी कराते हैं।

### ईदगाह एवं मस्जिदों में लगाया पुलिस बल

ईद के पर्व को देखते ही पहले से ही पुलिस प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ईद की नमाज के दौरान जिले के ईदगाह एवं मस्जिदों के आसपास पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था के लिए बैठाया गया। यहां पुलिस की टीमें गस्त करती भी दिखाई दीं, जिस पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने नजर रखी। उनका साफ निर्देश था कि किसी भी तरह की कानून व्यवस्था न बिगड़े इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उनकी सख्ती के बाद से ही पुलिस के अधिकारी लगातार अपनी पैनी नजर बनाए रखे।

# श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक ने मारी टक्कर



नवभारत न्यूज

**गुना 28 मई का। नेशनल हाइवे पर ग्राम रमड़ी के पास बुधवार देर रात अनियंत्रित ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में ट्रैक्टर पर सवार एक 30 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ट्रॉली में बैठे 9 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।**

जानकारी के मुताबिक चांचौड़ा ब्लॉक के ग्राम चौपन कला से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर भैंसाना ग्राम में आयोजित महायज्ञ में शामिल होने जा रहे थे। बुधवार रात लगभग साढ़े 9 बजे जैसे ही उनका वाहन नेशनल हाइवे पर ग्राम रमड़ी के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर पर सवार श्रद्धालुओं का कहना है कि उनका वाहन अपनी सही साइड पर चल रहा था, लेकिन ट्रक चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

> टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर पर बैठे लोग सीधे सड़क पर आ गिरे, वहीं ट्रॉली में सवार लोग अंदर ही गंभीर रूप से चोटिल हो गए। हादसे में ट्रैक्टर पर बैठे चौपन कला निवासी 30 वर्षीय युवक इंदर अहिरवार की जमीन पर गिरने और गंभीर चोटें आने के कारण मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद हाइवे पर चीख-पुकार मच गई। घायलों का आरोप है कि सूचना देने के काफी देर बाद तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।



# निशुल्क योग प्रशिक्षण अभियान

**बैतूल। ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, भारत भारती जामठी बैतूल द्वारा 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 100 दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है।**


गुरुवार 28 मई को महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. हिमांशु मालवीय तथा इंटरनी वैभव, रुषिका एवं यशस्वी द्वारा बैतूल-बडोरा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर योग प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही जिले के अलग-अलग गांवों में जाकर लोगों को योगाभ्यास कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। महाविद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर 21 जून तक जिले के विभिन्न स्थानों पर लगातार आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य आमजन को योग से जोड़कर स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है।

# जलसंकट के बीच गैस लाइन कार्य पर ब्रेक

नवभारत न्यूज

**सीहोर 28 मई. शहर में घर-घर पाइप गैस पहुंचाने के लिए चल रहे गेल इंडिया लिमिटेड के कार्य पर फिलहाल नपा ने रोक लगा दी है. लगातार पेयजल सप्लाई लाइनें क्षतिग्रस्त होने और भीषण गर्मी के बीच लोगों को पानी संकट का सामना करना पड़ने के कारण नपा ने कंपनी को नोटिस जारी कर काम बंद करने के निर्देश दिए हैं. नपा का कहना है कि शहर में एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई की जा रही है और ऐसे समय में पाइप लाइन टूटने से कई इलाकों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है.**

शहर में इन दिनों 44 से 46 डिग्री तापमान के बीच लोग गर्मी से बेहाल हैं. ऐसे में पानी की मांग भी बढ़ गई है. दूसरी ओर गैस पाइप लाइन डालने के दौरान बार-बार पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हो रही हैं. नगर पालिका अधिकारियों के अनुसार गैस लाइन बिछाने के दौरान कई स्थानों पर यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि नीचे से पानी की लाइन गुजर रही है या नहीं.



गेल इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद कुमार रॉय का कहना है कि यदि लंबे समय तक काम बंद रखा गया तो परियोजना की गति प्रभावित होगी. इससे न केवल कंपनी को आर्थिक नुकसान होगा बल्कि शहरवासियों को गैस कनेक्शन मिलने में भी देरी हो जाएगी. उन्होंने कहा कि जहां भी पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होती है वहां तत्काल मरम्मत कराई जाती है और भविष्य में अतिरिक्त सावधानी बरती जाएगी. शहर की विश्वनाथपुरी कॉलोनी, ड्रीम सिटी, चाणक्यपुरी, कंचन विहार, अवधपुरी, वैशाली नगर, सुभाष मार्ग और कनकपुरी क्षेत्र में अब तक घरेलू गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं.



# उफ ! ये गर्मी कर रही बेहाल

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 28 मई, सिरोंज में नवतपा के दौरान गर्मी तीखे तेवर दिखा रही है. गर्मी के चलते लोगों का हाल बेहाल है. सड़कों पर दिन में गर्मी के कारण सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है. उसपर बिजली की आँख मिचौली लोगों की परेशानी ओर बढ़ा देती है.**

शहर में इन दिनों गर्मी का रौद्र रूप दिखाई दे रहा है. क्षेत्र में गुरुवार को भी नवतपा के दौरान आसमान से आग बरसती दिखाई दी. भीषण गर्मी से सभी वर्ग के लोगों का हाल बेहाल हैं. गर्मी के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है. सुबह से ही तापमान में बढ़ोत्तरी होना शुरू हो जाती है. जैसे-जैसे दिन चढ़ता जाता है, गर्मी के तेवर भी तीखे होते जाते है. दिन में आसमान से आग बरसती दिखाई देती है. जिससे लोग छांव की तलाश करते दिखाई देते हैं. उमस एवं तीखी गर्मी के चलते दिन में कूलर, पंखे भी गर्मी से पर्याप्त राहत देने में फैल होते दिखाई देते हैं. गर्मी के कारण दिन में सड़कों पर सन्नाटा सा पसरा दिखाई दे रहा है. जिससे सड़कों पर गर्मी का अघोषित लॉकडाउन लगा प्रतीत होता है.

गर्मी के चलते दिन में लोग सड़कों पर निकलने से परहेज करते दिखते हैं. तथा अधिकांश समय घरों पर ही व्यतीत करते दिख रहे हैं. वही दिन में सड़कों पर निकलने के लिए तौलिया, गमछा आदि कपड़े का उपयोग कर रहे हैं. दिन में बाजारों में दुकानों पर भी भीड़ कम दिख रही है. हालांकि गर्मी में जूस, गन्ने का रस, शरबत, शीतल पेय पदार्थो की बिक्री जरूर बढ़ गई है. शाम होने के बाद सड़कों पर लोगों की आवाजाही बढ़ती है.

### चिकित्सालय में बढ़ी मरीजों की संख्या

इन दिनों तापमान में बढ़ोत्तरी से चिकित्सालय में भी मरीजों की संख्या बढ़ गई है. चिकित्सालय में उल्टी, दस्त से पीड़ित मरीज बढ़ गये हैं. अस्पतालों में मरीजों की भीड़ दिख रही है. सामान्य दिनों की अपेक्षा चिकित्सालय में मरीज ज्यादा पहुंच रहे है. इनमें उल्टी, दस्त से संबंधित बीमारी के मरीजों की संख्या अधिक है. वही मौसम में बार-बार बदलाव भी हो रहा है. जिससे बीमारियां पैर पसारने लगी हैं.

## डेढ़ माह से मोबाइल बंद, ग्रामीण परेशान

**बुधनी.** शाहगंज के नजदीक ग्राम जहानपुर में लगा जिओ मोबाइल टावर गत 15 अप्रैल से बंद पड़ा हुआ है, जिससे क्षेत्र की संचार व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है. नेटवर्क बंद होने के कारण जहानपुर, हिरानी, रामनगर सहित आसपास के कई गांवों के लोग कॉलिंग और इंटरनेट सेवाओं से वंचित हैं. जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे निर्माण कार्य के चलते जिओ टावर को शिफ्ट किया जाना प्रस्तावित है, लेकिन लंबे समय बाद भी कंपनी द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. जिससे हजारों उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि नेटवर्क नहीं होने से ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियोंकी मुश्किलें बढ़ गई हैं.

# 3 .80 लाख हेक्टेयर में सोयाबीन बोवनी का अनुमान

## 80 हजार क्विंटल बीज की होगी आवश्यकता

नवभारत न्यूज

**विदिशा 28 मई, आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले में कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं. किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज एवं कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिए विभागीय स्तर पर लगातार समीक्षा और निगरानी की जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष जिले में सोयाबीन बोवनी का रकबा बढ़ने की संभावना है, इसलिए बीज उपलब्धता को लेकर पहले से ही विशेष व्यवस्था की गई है.**



कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में राष्ट्रीय बीज निगम, बीज निगम, बीज संघ तथा किसान उत्पादक संगठनों के पास लगभग 50 हजार क्विंटल सोयाबीन बीज उपलब्ध है. इसके अतिरिक्त जिले के निजी बीज विक्रेताओं एवं डीलरों के पास करीब 35 हजार क्विंटल बीज का भंडारण मौजूद है. इस प्रकार जिले में कुल मिलाकर 85 हजार क्विंटल से अधिक सोयाबीन बीज उपलब्ध है, जो खरीफ सीजन की आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त माना जा रहा है.

> कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रमाणित एवं उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि प्रमाणित बीजों के उपयोग से फसल की गुणवत्ता बेहतर होती है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है. किसानों को यह भी सलाह दी गई है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं एवं पंजीकृत डीलरों से ही बीज खरीदें.

## एक नजर में



### समाजसेवी राय ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

**सीहोर.** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में समर क्रिकेट कैंप का आयोजन किया गया था. कैंप के समापन पर समाजसेवी श्रीमती अरुणा सुदेश राय ने 250 से अधिक बच्चों को शीतल पेय का वितरण किया. सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के दौरान छोटे-छोटे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है. इसके अलावा सीनियर, जूनियर और सब जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है.इस मौके पर अतुल कुशवाहा, आदर्श राय, सुरेन्द्र रल्हन, इरफान हुसैन, नवनीत तोमर, अतुल जैन, अनिल राय, मनोज दीक्षित मामा, नागेन्द्र व्यास, कमलेश पारोचे, अतुल त्रिवेदी, आशीष शर्मा, महेन्द्र शर्मा, मदन कुशवाहा, वरुण शर्मा, अभिषेक परसाई, सुनील जलोदिया, चेतन मेवाड़ा आदि मौजूद थे.

### रेत का अवैध परिवहन करते 2 वाहन जब्त

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत खनिज विभाग बैतूल द्वारा 28 मई को खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सहायक खनि अधिकारी बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ चिचोली क्षेत्रांतर्गत ग्राम चिरापाटला के पास से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 वाहन ट्रैक्टर-ट्राली क्रमांक एमपी 48 जेडई 7147 एवं एमपी 48 ए 9847 को जप्त कर वन परिक्षेत्र गवासेन रेंज की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। मौके पर वाहन चालक द्वारा बताया गया कि वह वाहन मालिकों के कहने पर ग्राम धामन्या से लाई गई रेत को भरकर ग्राम राजा बरारी विक्रय करने के लिए ले जा रहा था, जिसके संबंध में उसके पास कोई ईटीपी/अभिवहन पारपत्र नहीं है।उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

### सांप के डसने से युवक की मौत

**सारंगपुर.** ग्राम लीमा चौहान थाने के अंतर्गत ग्राम धामंदा निवासी 33 वर्ष युवक को अपनी दुकान में कार्य करने के दौरान सांप ने डस लिया जिससे शाजापुर ले जाते समय युवक की मौत हो गई सारंगपुर पुलिस ने जीरो पर कायमी कर युवक का शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप जाएगा, सारंगपुर पुलिस के एस आई सुरेश मेवा? ने बताया की राकेश पिता गोविंद विश्वकर्मा उम्र 33 वर्ष निवासी धामंदा थाना लीमा चौहान अपनी पंचर की दुकान मे बुधवार को दोपहर 2बजे के लगभग कार्य कर रहा था इसी दौरान उसको सांप ने काट लिया परिजनों एवं ग्रामीणों को जानकारी लगते ही तुरंत ही युवक को अस्पताल ले गए जहा शाजापुर के अस्पताल में पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया, जिसकी सूचना सारंगपुर थाने को दी जहां पर शासकीय सिविल अस्पताल में युवक का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस शव परियोजनाओं को सपेगी, फिलहाल पुलिस ने जीरो पर कायमी कर प्रकरण को लीमा चौहान थाने में भेजा जायेगा.

### वन भूमि से 5 हेक्टेयर अतिक्रमण हटाया


**लटेरी.** वन विभाग द्वारा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दक्षिण लटेरी रेंज के बीट मुस्करा अंतर्गत कक्ष क्रमांक पी-300 से लगभग 5 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया. वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव के निर्देशन में पोकलेन और जेसीबी मशीनों की मदद से कार्रवाई की गई.वन विभाग के अनुसार भूमि पर कई वर्षों से अवैध कब्जा था. कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण हटाकर भूमि को गड्डे कर बेदखल किया गया तथा दोबारा कब्जा रोकने के लिए कंटीली प्रजातियों के बीज डाले गए .कार्रवाई परिक्षेत्र अधिकारी विवेक चौधरी के नेतृत्व में हुई. मौके पर वन अमले के साथ पुलिस बल भी तैनात रहा.

# 12 वर्षीय बच्ची की शादी का मामला गंभीर धाराओं में दर्ज

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 28 मई, का. पुलिस और प्रशासन के लाख सख्ती, कोशिशों के बाद भी जिले में बाल विवाह पर अंकुश नहीं लग पा रहा है. पुलिस और प्रशासन की टीम लगातार शादी, सम्मेलनों, ग्रामीण अंचलों और शिकायत मिलने वाली जगहों पर रात दिन दबिश दे रही है लेकिन बाल विवाह करवाने लोग लगातार कानून को अपने हाथ में लेकर बेटियों का जीवन और भविष्य बर्बाद करने से बाज नहीं आ रहे है.**

राजगढ़ पुलिस ने फिर से ऐसे ही एक अत्यंत संवेदनशील मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ हुए बाल विवाह, दैहिक शोषण, प्रताड़ना और उसकी खरीद-फरोख्त के सनसनीखेज मामले का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले के 6 नामजद आरोपियों में से 5 को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है.



> **ये हैं बाल विवाह, दुष्कर्म और बेटी का सौदा करने वाले**
> पकड़े गए आरोपियों में भोला उर्फ भोलाराम पिता रामसिंह गुर्जर उम्र 26 साल निवासी चुकलिया थाना मलावर (कथित पति), देवराज पिता भजनसिंह गुर्जर निवसी गोनियावे थाना चॉचौड़ा जिला गुना (दुष्कर्म का आरोपी), सागर गुर्जर पिता मानसिंह गुर्जर उम्र 50 साल निवासी ग्राम तुलसीपुरा थाना राजगढ़ (कृत्य में सहयोगी), शैतानबाई पति स्व. भगवानसिंह वर्मा उम्र 35 साल निवासी संकटमोचन आवास कालोनी राजगढ़ (बंधक बनाकर प्रताडित करने वाली), पीड़िता की मां पवन उर्फ परमाल गुर्जर पिता दौलत सिंह निवासी ग्राम लहरचा चक थाना चॉचौड़ा जिला गुना शामिल है. फरार पवन उर्फ परमाल गुर्जर (निवासी- लहरचा चक, चाचौड़ा, गुना को पुलिस टीमें गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है.

शिकायत के अनुसार 12 वर्षीय पीड़ित बालिका के पिता की जनवरी 2025 में अत्यधिक शराब के सेवन के कारण मृत्यु हो गई थी.

**सामाजिक पहल** | शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में समाज ने किया अभिनव आयोजन

# मेधावी विद्यार्थियों को क्षत्रिय कालौता समाज ने किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 28 मई. शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सामने आई, जब अभा क्षत्रिय कालोता समाज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया.**

हर वर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस बार भी कक्षा 10वीं और 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 129 होनहार छात्र-छात्राओं को मंच पर सम्मानित किया गया. सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 10वीं के 74 और कक्षा 12वीं के 55 छात्र-छात्राएं शामिल रहे. सभी प्रतिभाओं को शील्ड, सम्मान प्रमाण पत्र एवं बैज पहनाकर सम्मानित किया गया. मंच पर सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और उत्साह साफ झलक रहा था. समारोह में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, अभिभावक, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक बन गया.



कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करना ही नहीं, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना भी रहा. मंच से विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई.

समारोह के दौरान विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं को करियर मार्गदर्शन भी दिया गया. विशेषज्ञों ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के वरिष्ठ एवं चेयरमैन अमरसिंह पवार ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का होना भी आवश्यक है.

मुख्य अतिथि सत्यनारायण पवार ने सभी मेधावी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम है.

> पवार ने कहा कि समाज द्वारा इस तरह के आयोजन युवाओं को नई दिशा देने का कार्य करते हैं और सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं. समाज के नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत किया गया, वहीं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया. क्षण कार्यक्रम का प्रेरणादायक हिस्सा रहा, जहां उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ उनका सम्मान किया. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शंकर लाल गोड़ द्वारा किया गया. कार्यक्रम के अंत में शिक्षा विभाग में पदस्थ बीआरसी विजय सिंह डोड ने आभार व्यक्त किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंवर सिंह पवार द्वारा की गई.

## पेड़ से लटककर युवक ने की आत्महत्या

**गुना।** फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मगरोड़ा में 35 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का संवेदनशील मामला सामने आया है। युवक सुबह घर से शौच जाने का कहकर निकला था, जिसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। जानकारी सामने आई है कि ग्राम मगरोड़ा निवासी कन्हैयालाल सहरिया पिता बाबूलाल अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित एक पेड़ पर फंदा बनाकर उस पर झूल गया। परिजनों ने बताया कि कन्हैयालाल सुबह घर से शौच जाने की बात कहकर निकला था। वह अपने साथ घर से एक साड़ी और रस्सी भी लेकर गया था, लेकिन उस वक्त किसी को भी उसके इस कदम पर जरा भी संदेह नहीं हुआ।